**03/A**

**603/A**

**Roll No.** ............

**Total No. of Questions : 9 ]** **[ Total No. of Printed Pages : 11**

**X**

**2023-24**

वार्षिक परीक्षा प्रणाली

# HINDI

**(Morning Session)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Maximum Marks : 80**

**नोट :**

*(i)* अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड 03/A अवश्य लिखें।

*(ii)* उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें मुख पृष्ठ सहित 24 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।

*(iii)* उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् प्रश्न/प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

*(iv)* कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।

*(v)* प्रत्येक प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।

*(vi)* **5 अंक सुंदर लिखाई के लिए निर्धारित हैं।**

*(vii)* **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

## भाग – क

1. I. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : 4×1=4

(i) 'अति + अंत' शब्दों में संधि का सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) अतिअंत (ख) अत्यंत

(ग) अतयंत (घ) अतियंत

(ii) 'परमवीर चक्र' समस्त पद का सही समास विग्रह चुनकर लिखिए :

(क) परमवीर का चक्र

(ख) परमवीर से चक्र

(ग) परमवीर को मिलने वाला चक्र

(घ) परमवीर द्वारा चक्र

(iii) सही विकल्प चुनकर 'भूलना' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए :

(क) भूलेगी (ख) भूलने वाला

(ग) भूलेगा (घ) भूल

(iv) 'कृष्ण' शब्द का पर्यायवाची सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(क) देवकी नंदन

(ख) राघव

(ग) गोपाल

(घ) (क) और (ग) दोनों सही हैं ।

II. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प को चुनिए : 4×1=4

(i) **बिहारी जी के अनुसार किसका साथ शोभा देता है ? 'नीति के दोहे' पाठ के आधार पर उत्तर दें ।**

(क) अलग-अलग गुण और अलग-अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ ।

(ख) एक जैसे गुण और अलग-अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ ।

(ग) एक जैसे गुण और एक जैसे स्वभाव वाले लोगों का साथ ।

(घ) थोड़े से मिलते हुए गुण और पूरी तरह से अलग स्वभाव वाले लोगों का साथ ।

(ii) 'गाता खग' कविता के अनुसार फूल हमें क्या संदेश देते हैं ?

(क) रोने का

(ख) मुरझाने का

(ग) सोने का

(घ) सदा मुस्कराने का

(iii) 'अशिक्षित का हृदय' पाठ के अनुसार बूढ़े मनोहर सिंह का नीम का पेड़ किसके पास गिरवी था ?

(क) ठाकुर शिवपाल सिंह (ख) तेजा सिंह

(ग) मज़दूर (घ) मनोहर सिंह के पिता

(iv) 'नर्स' पाठ के अनुसार महेश किस सिस्टर से घुल मिल गया था ?

(क) मरींडा (ख) मांजरेकर

(ग) सूज़ान (घ) सरस्वती

**III.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×1=4**

करके मीन मेख सब ओर,
किया करें बुध वाद कठोर,
शाखामयी बुद्धि तजकर वे मूल धर्म धरते हैं
हम राज्य लिए मरते हैं ।

(i) कौन से लोग हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करते हैं ?

(क) दुष्ट
(ख) बुद्धिमान (विद्वान)
(ग) किसान
(घ) लालची

(ii) व्यर्थ की बातों को त्यागकर मूल धर्म (सहज धर्म) को कौन से लोग अपनाते हैं ?

(क) किसान
(ख) अमीर
(ग) सैनिक
(घ) हिंसक

(iii) 'तजकर' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) अपनाकर
(ख) जमा करके
(ग) छोड़कर
(घ) छीनकर

(iv) इस पद्यांश का केंद्रीय भाव क्या है ?

(क) इसमें राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन की प्रशंसा करते हुए किसानों के सहज जीवन को व्यर्थ कहा गया है ।

(ख) इसमें किसानों के सहज जीवन की प्रशंसा करते हुए राज्य के लिए व्यर्थ ही लड़ने-मरने वालों के जीवन को व्यर्थ कहा गया है ।

(ग) इसमें किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है ।

(घ) इसमें विद्वानों तथा किसानों द्वारा हर बात में दोष निकालकर व्यर्थ में बहस करने के बारे में बताया गया है ।

IV. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×1=3

(i) 'रुपया पानी में फेंकना' मुहावरे का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें ।

(क) गुस्से में सिक्के पानी में फेंकना

(ख) गुस्से में रुपए पानी में फेंकना

(ग) श्रद्धा से रुपए नदी में फेंकना

(घ) व्यर्थ खर्च करना

(ii) 'का वर्षा जब कृषि सुखाने' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें ।

(क) वर्षा आने पर खेती सूख जाती है ।

(ख) असमय की सहायता लाभदायक नहीं होती ।

(ग) असमय की सहायता लाभदायक होती है ।

(घ) वर्षा न आने पर खेती सूख जाती है ।

(iii) 'हमारी बिल्ली हमीं से म्याऊँ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ? सही विकल्प चुनें ।

(क) सहायता प्रदान करने वाले को नहीं धमकाना ।

(ख) हमारी बिल्ली का दूसरों के कहने से म्याऊँ-म्याऊँ की आवाज़ निकालना ।

(ग) हमारी बिल्ली का हमारे कहने से ही म्याऊँ-म्याऊँ की आवाज़ निकालना ।

(घ) सहायता प्रदान करने वाले को ही धमकाना ।

**V.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×1=5**

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है । प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारिणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए । जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी कार्य असंभव नहीं है । कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं । वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है । अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं । कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है । ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं । दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्य-व्यस्तता में जीवन बिताया है । उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है । दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है । समय के बीत जाने पर कार्य फलप्रद नहीं होता । सूरज यदि समय पर उदय होना व अस्त होना बंद कर दे, वर्षा यदि समय पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोए, तो कैसी स्थिति हो जाएगी ? ठीक इसी प्रकार यदि विद्यार्थी समय की कीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता नहीं प्राप्त कर सकता । परीक्षा के समय यदि विद्यार्थी परिश्रम नहीं करेगा और उस दिन आराम करेगा तो उसे वाँछित सफलता नहीं मिल सकती ।

(क) सफलता पाने के लिए विद्यार्थी के लिए क्या आवश्यक है ?

(ख) बातूनी और सफल व्यक्तियों में क्या अंतर होता है ?

(ग) समय की कीमत न समझने से विद्यार्थी की क्या हानि होगी ?

(घ) 'अकर्मण्य' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

**VI.** निर्देशानुसार उत्तर दें : **6×1=6**

(i) 'बल' शब्द का विशेषण ________ है । (सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें ।)

(ii) 'स्वस्थ' शब्द का विलोम शब्द ________ है । (सही उत्तर से रिक्त स्थान भरें ।)

(iii) समरूपी भिन्नार्थक शब्द 'प्रहार-परिहार' में 'प्रहार' का अर्थ 'त्याग' और 'परिहार' का अर्थ 'चोट' होता है । इस कथन के सही होने पर 'सही' और गलत होने पर 'गलत' में उत्तर दें ।

(सही/गलत)

(iv) 'सिपाही ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी' का शुद्ध वाक्य होगा – 'सिपाहियों ने युद्ध में प्राण की बाज़ी लगा दी' । **'हाँ'** अथवा **'नहीं'** ?

(v) निम्नलिखित विकल्पों में से 'तीर' शब्द के अनेकार्थी (अनेकार्थक) शब्द का सही विकल्प के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :

**तीर** (क) धनुष, कमान

(ख) किनारा, बाण

(ग) तीखा, बाण

(vi) **'जिसका आचरण बुरा हो'** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित में से सही शब्द के साथ रेखा खींचकर मिलान कीजिए :

**जिसका आचरण बुरा हो** (क) सदाचारी

(ख) दुराचारी

(ग) अल्पाहारी

**VII.** निर्देशानुसार उत्तर दें : **4×1=4**

(i) **'मित्रता'** निबन्ध के अनुसार अविश्वासपात्र मित्र से भारी रक्षा रहती है । इस कथन के सही होने पर 'सही' और गलत होने पर 'गलत' में उत्तर दें । (सही/गलत)

(ii) **'सदाचार का तावीज़'** निबन्ध में साधु ने तावीज़ का प्रयोग किस पर किया ? एक वाक्य में उत्तर दें ।

(iii) **'देश के दुश्मन'** एकांकी में नीलम की बेटी मीना थी । **'हाँ'** या **'नहीं'** ?

(iv) 'सूखी डाली' एकांकी में दादा जी की पोती इन्दु ने मिडल तक शिक्षा प्राप्त की थी । इस कथन के सही होने पर 'सही' और गलत होने पर 'गलत' में उत्तर दें । (सही/गलत)

### भाग – ख

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दें : **3×2=6**

(i) 'नर्स' कहानी में सिस्टर सूसान ने महेश को अपने बेटे के बारे में क्या बताया ?

(ii) बसंती की आँखों में आँसू क्यों आ गए ? 'माँ का कमरा' लघुकथा के आधार पर उत्तर दें ।

(iii) लेखक ने बैजनाथ पहुँचकर हिमालय से किस रूप में भेंट की ? 'ठेले पर हिमालय' निबंध के आधार पर उत्तर दें ।

(iv) हम अपने देश के शक्ति बोध को किस प्रकार चोट पहुँचाते हैं ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर उत्तर दें ।

(v) 'देश के दुश्मन' एकांकी में नीलम जयदेव से मान–भरी मुद्रा में क्या कहती है ?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर छह या सात पंक्तियों में दें : **3×4=12**

(i) 'ममता' कहानी के आधार पर ममता का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

(ii) 'दो कलाकार' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए ।

(iii) जिस समय गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ उस समय भारतीय समाज की क्या स्थिति थी ? 'श्री गुरु नानक देव' निबंध के आधार पर उत्तर दें ।

(iv) 'सदाचार का तावीज़' पाठ में छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए ।

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में मँझली बहू के चरित्र की कौन सी विशेषता सबसे अधिक दृष्टिगोचर होती है ?

## भाग – ग

**4.** **निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें :** 4

**ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਮਿਹਨਤ ਦਾ ਬਹੁਤ ਮਹੱਤਵ ਹੈ । ਮਿਹਨਤੀ ਵਿਅਕਤੀ ਜੇਕਰ ਦ੍ਰਿੜ ਸੰਕਲਪ ਵੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਕਈ ਵਾਰ ਅਜਿਹੇ ਕੰਮ ਵੀ ਕਰ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਆਮ ਇਨਸਾਨ ਨੂੰ ਅਸੰਭਵ ਲਗਦੇ ਹਨ ।**

## भाग – घ

**5.** आपका नाम अनुकान्त कौशल है । आप दयानन्द पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में पढ़ते हैं । आप दसवीं कक्षा के प्रतिनिधि छात्र हैं । आपकी कक्षा का एक छात्र-दल दिनांक 14.09.2023 को शैक्षिक भ्रमण हेतु चंडीगढ़ गया था, जहाँ उन्होंने रोज़ गार्डन व रॉक गार्डन के साथ-साथ पंजाब विश्वविद्यालय की सैर की । इस आधार पर प्रतिवेदन लिखिए । 4

**अथवा**

आपके ज्ञान प्रकाश मॉडल सीनियर सेकंडरी स्कूल, मोहाली में दिनांक 06.12.2024 को वार्षिक उत्सव पर गिद्दा व भाँगड़ा का आयोजन किया जा रहा है । स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्रपाल सिंह द्वारा एक सूचना तैयार कीजिए, जिसमें इच्छुक विद्यार्थियों को इनमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है । 4

## भाग – ङ

**6.** आपका नाम आशना है । आप विक्रम हाई स्कूल, रामनगर (जालंधर) में दसवीं कक्षा में पढ़ती हैं । आपका रोल नम्बर 12 है । आप कक्षा की मॉनिटर हैं । आप अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल में अधिक से अधिक खेलों का सामान मँगवाने के लिए अनुरोध करते हुए आवेदन/प्रार्थना-पत्र लिखिए । 7

**अथवा**

**आपका नाम चंपक लाल है । आप मकान नंबर–45, सुन्दर नगर में रहते हैं । आपका मोबाइल नंबर 1666868684 है और आपकी ई.मेल आई.डी. champaklal@yahoo.co.in है । आप अपनी ओर से नगर निगम, सुन्दर नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनसे अपने क्षेत्र/मुहल्ले की सफ़ाई कराने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए ।** **7**

**7.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **1×7=7**

(क) प्रकृति का वरदान : पेड़ पौधे

(ख) कोचिंग संस्थानों का बढ़ता जंजाल

(ग) खुशियाँ और उमंग लाते हैं त्योहार

**8.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रपत्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका पर निर्देशानुसार उतारकर भरें : **1×5=5**

मान लें कि आपका नाम ज़ीनत अमान है । आपका भारतीय डाक के सेक्टर–17, चंडीगढ़ में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 2673455623 है । आपको अपने इस खाते में से दिनांक 24.7.2024 को ₹ 6,600 निकलवाने हैं । इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

रुपए निकलवाने का फार्म

(जमाकर्ता द्वारा भरा जाए)

डाकघर का नाम : सेक्टर–17, चंडीगढ़

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

दिनांक : ____________

बचत खाता नम्बर ________________________________

कृपया मुझे____________ ₹ (रुपए अंकों में) ____________

(रुपए शब्दों में) का भुगतान करें ।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ____________

**अथवा**

मान लें कि आपका नाम सुलक्षणा पंडित है । आपका 'कल्याण बैंक', शाखा मुम्बई में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 2834663436 है । आपको अपने इस खाते में ₹ 29,000 जमा करवाने हैं । इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र भरें :

**कल्याण बैंक, शाखा मुम्बई**

**बैंक में रुपए जमा करवाने के लिए प्रपत्र**

जमा बचत खाता नम्बर ______________________

जो कि ______________ के नाम से है, में रुपए ______________________

(रुपए अंकों में) ______________________ (रुपए शब्दों में) जमा करें ।

जमाकर्ता के हस्ताक्षर ______________

9. सुंदर लिखाई 5